पांच लाख के पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट

यूटीयू का पहला पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव, 91 छात्रों का हुआ चयन

उत्तर भारत लाइव ब्यूरो
uttarbharatlive.com

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) द्वारा छात्रों के प्लेसमेंट को बढ़ाने के लिए गठित प्लेसमेंट सेल ने विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार पहला पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। जो कि चार दिन 19 व 20 मई, 26 व 27 मई को आयोजित किया गया। जिसमें इंजीनियरिंग और फार्मेसी के 91 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में ढाई से लेकर पांच लाख के पैकेज पर चयन हुआ।

विवि द्वारा चलाए इस पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के विभिन्न संबंद्ध संस्थानों/कैंपस संस्थानों के सैकडों छात्रों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर में पहली बार पूल कैंपस ड्राइव के आयोजन से हुए छात्र-छात्राएं उत्साहित। विवि में छात्रों की ट्रेनिंग-प्लेसमेंट बढ़ाए जाने के लिए विगत वर्ष में एन्ड्रॉयड आधारित मोबाइल ऐप को तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा प्रारंभ किया था। इससे प्रदेश भर के संस्थानों के प्लेसमेंट के इच्छुक छात्रों को मोबाइल प्लेटफार्म पर जोड़ा जो कि अब पूल कैंपस के रूप में छात्रों लाभ पहुंचा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम बार आयोजित चार दिवसीय पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 91 छात्र-छात्राएं ढाई लाख से पांच लाख तक के पैकेज पर चयनित हुए। कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने विवि द्वारा आयोजित पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिभाग करने वाली कंपनियों को सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी लगातार इस तरह के प्लेसमेंट ड्राइव कराए जाने की अपेक्षा की गई है। कुलपति ने चयनित हुए इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को अपने बधाई संदेश में उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने लक्ष्य पर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए देश-दुनिया और समाज के हितों में कार्य करें।

पाठ्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग शुरू

12 जून से बीटैक, बीफार्म बीएचएमसीटी, एमबीए, एमसीए, एमटैक, एमफार्मा बीएएलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम प्रथम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया की शुरुआत होगी। यूटीयू की बीटेक लैट्रल एंट्री बीटेक द्वितीय वर्ष) एवं बीफार्मा लैट्रल एंट्री (बीफार्मा द्वितीय वर्ष) में सत्र 2023-24 के लिए ऑन लाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया 30 मई से शुरू हो गई है। उक्त दोनों पाठ्यक्रमों के लिए द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 15 से 17 जून तक और तृतीय चरण की काउंसिलिंग 28 से 30 जून तक आयोजित होगी। वहीं बीटेक, बीफार्मा, बीएचएमसीटी, एमबीए, एमसीए, एमटेक, एमफार्मा बीएएलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग 12 जून से कराई जाएगी।